# जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा

(परीक्षा विभाग)

प्रेषक :-

डॉ0 अशोक कुमार मिश्रा
परीक्षा नियंत्रक
जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा

सेवा में,

**प्राचार्य / प्राचार्या,**
सभी शिक्षण प्रशिक्षण (B.Ed) महाविद्यालय,
छपरा / सीवान / गोपालगंज।

विषय :- **बी. एड (B.Ed) प्रथम वर्ष (2024–26) परीक्षा–2025 के परीक्षा प्रपत्र एवं शुल्क विश्वविद्यालय में स्वीकार करने के संबंध में।**

महाशया / महाशय,

उपर्युक्त विषयक एवं निदेशानुसार सूचित करना है कि बी. एड (B.Ed) **प्रथम वर्ष (2024–26) परीक्षा 2025** हेतु परीक्षा प्रपत्र शुल्क के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में निम्नरूपेण तिथि तक स्वीकार किये जाऐगें।

| क्र.सं. | विवरणी | स्वीकार करने की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | विद्यार्थियों के लिए online form भरकर महाविद्यालय में जमा करने की तिथि :– | 10.06.2025 से 20.06.2025 |
| 2 | महाविद्यालय के लिए परीक्षा प्रपत्र विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि– | 22.06.2025 |
| 3 | परीक्षा शुल्क के मद हेतु निर्धारित शुल्क मात्र :– | कुल 2375/–(दो हजार तीन सौ पचहत्तर रू मात्र) |

**महत्वपूर्ण निर्देष :–**

1 परीक्षा प्रपत्र के साथ स्नातक उर्तीण अंक–पत्र, प्रवेश–पत्र, पंजीयन प्रमाण–पत्र, आदी कागजात की छायाप्रति प्राचार्य द्वारा अभिप्रमाणित संलग्न करन अतिआवश्यक है तथा किसी भी स्थिति में CET अनुत्तीण परीक्षार्थी परीक्षा प्रपत्र भरने के पात्र नही होंगे एवम CET Counseling के उपरान्त महाविद्यालय को आवंटित विद्यार्थीयों की सूची में नामित विद्यार्थी ही परीक्षा प्रपत्र भरेगें तथा सूची संलग्न करना आवश्यक है। संबंधित महाविद्यालय को वर्ग संचालन कम से कम 180 दिनो तक का प्रमाण–पत्र का सपथ पत्र देना आवश्यक है।

2 परीक्षा प्रपत्र में विश्वविद्यालय पंजीयन संख्या अंकित करना तथा पंजीयन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति प्राचार्य द्वारा अभिप्रमाणित संलग्न करना अति आवश्यक है बिना पंजीयन संख्या एवं पंजीयन प्रमाण–पत्र के परीक्षा प्रपत्र न ही स्वीकार किया जाऐगा तथा परीक्षा प्रपत्र रद्द माना जायेगा।

3 परीक्षा प्रपत्र एवं शुल्क इस शर्त पर स्वीकार किए जायेंगे बशर्ते की संबंधित कॉलेज को वर्ष 2019–21 एन.सी.टी.ई से मान्यता प्राप्त हो एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्वता का अनुमोदन प्राप्त हो। एतद् संबधि पत्र की प्राचार्य द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। किसी तरह की त्रुटि की स्थिति में सारी जवाबदेही संबंधित महाविद्यालय प्राचार्य की होगी।

4 छात्र वेबसाईट **www.jpv.ac.in** पर दिये गये निर्देशानुसार परीक्षा प्रपत्र **online** भरकर एवं परीक्षा शुल्क का **online** भुगतान कर उसकी प्रिंट कॉपी के साथ संबंधित कागजातों को संलग्न कर महाविद्यालय में सत्यापित कराकर जमा करेगें। परीक्षा मण्डल के निर्णयानुसार केवल पंजीकृत छात्रों की परीक्षा प्रपत्र भरने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। बिना पंजीकृत छात्रों के परीक्षा प्रपत्र यदि सत्यापित या अग्रसारित कि जाती है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित प्राचार्य एवं सत्यापन पदाधिकारी की होगी। परीक्षा प्रपत्र अग्रसारण के पूर्व प्राचार्य अथवा उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति अपने स्तर से आश्वस्त हो लें की परीक्षा प्रपत्र की सभी प्रविष्टियाँ सही–सही भरी हो। परीक्षा प्रपत्र को विषयवार छात्रों की समेकित सूची दो प्रतियों में कमांकवार एवं **online form No.** विषयवार कम्पयुटराईज्ड तथा Excel में C.D.भेजा जाना आवश्यक है।

नोट: परीक्षा प्रपत्र **online** भरकर उसकी प्रिन्टआउट संबंधित महाविद्यालय में जमा करने के उपरान्त विद्यार्थी उसकी एक प्रति प्रिन्टआउट कॉपी मूल प्रति / छायाप्रति **online form No.** भविष्य में संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार

(हस्ताक्षर) 2/6/25
(डॉ0 अशोक कुमार मिश्रा)
परीक्षा नियंत्रक

दिनांक : छपरा 02/06/2025

ज्ञापांक C/E 2092

प्रतिलिपि :

अध्यक्ष,छात्र–कल्याण पदाधिकारी / लोक सूचना पदाधिकारी / वित्त परामर्शी / वित्त पदाधिकारी / प्रशाखा पदाधिकारी एवं पंजीयन शाखा / भंडारपाल / परीक्षा सहायक / वेब साईट सहायक / कुलपति / प्रति–कुलपति एवं कुलसचिव के निजी सहायक जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 2/6/25
परीक्षा नियंत्रक